तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

11 लाखों का बकाया और करोड़ों के कारोबार...



12 पेंशन कार्ड के नाम पर रिटायर्ड शिक्षक से 5.90...



नवरात्रि विशेष



सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा-करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

बस्तर के लालबाग मैदान में स्वदेशी मेला 18 से 25 तक लगेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर की धरा पर स्वदेशी उत्पादों, भारतीय संस्कृति और स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 18 से 25 अक्टूबर तक लालबाग मैदान में स्वदेशी मेला का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को लालबाग में पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि 8 दिनों तक चलने वाले इस मेले में देश के लगभग 15 राज्यों के स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल सजेंगे। इसके साथ ही प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य और विभिन्न प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहेंगी। स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन की इकाई भारतीय विपणन विकास केंद्र के तत्वावधान में आयोजित यह मेला बस्तर संभाग में दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है। मेले में विभिन्न राज्यों के स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे। यहां लोगों को अलग-अलग क्षेत्रों के उत्पादों को देखने और खरीदने का अवसर मिलेगा। स्थानीय व्यापारियों, लघु उद्यमियों, कारीगरों और महिला उद्यमियों को भी अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं बिक्री के लिए मंच उपलब्ध कराया जाएगा। इससे स्थानीय कारोबार को प्रोत्साहन मिलने के साथ रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसरों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

15 राज्यों के स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल होंगे आकर्षण का केंद्र

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजेगी शाम

बताया गया कि स्वदेशी मेले में प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। इसमें भारतीय संस्कृति, लोककला, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। रंग झांझर लोकमंच और बस्तर संस्कृति समूह के कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को आकर्षित करेंगे। छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय लोकनृत्य सुआ और राउत नाचा की प्रस्तुतियां भी होंगी।8 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में बस्तर की समृद्ध लोकसंस्कृति के साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों की सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी।



महिलाओं और युवाओं के लिए होंगी प्रतियोगिताएं : मेले में महिलाओं, बच्चों और युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें मेहंदी, रंगोली, व्यंजन, थाली सजाओ, स्वदेशी फैशन शो, कबाड़ से जुगाड़, आरती थाली सजावट, जसगीत, महिला वेशभूषा एवं सौंदर्य, वॉइस ऑफ बस्तर तथा एकल एवं सामूहिक नृत्य प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

मां दंतेश्वरी के छत्र के साथ हो रही फूल रथ परिक्रमा

फूल रथ खींचने उमड़ रहे ग्रामीण 15 गांवों के लोग निभा रहे परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा की पारंपरिक फूल रथ परिक्रमा में इन दिनों श्रद्धा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। सदियों पुरानी इस परंपरा में मां दंतेश्वरी के छत्र को फूल रथ पर विराजित कर नगर परिक्रमा कराई जाती है। रथ को खींचने के लिए 15 गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

ग्रामीण पूरे उत्साह और भक्तिभाव के साथ रथ खींचकर अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं। फूल रथ परिक्रमा के दौरान मां दंतेश्वरी मंदिर के प्रधान पुजारी माता का छत्र लेकर रथ पर सवार होते हैं। इसके बाद सिरहासार भवन से रथ की परिक्रमा शुरू होती है। रथ गोलबाजार चौक से होते हुए मां दंतेश्वरी मंदिर तक पहुंचता है।



इस दौरान मार्ग में पड़ने वाले प्रमुख मंदिरों के सामने भी पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की जाती है। जगन्नाथ मंदिर और मावली माता मंदिर के सामने विशेष धार्मिक विधान संपन्न किए जाते हैं। फूल रथ खींचने की परंपरा केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे ग्रामीणों की भावनाएं और लोकविश्वास भी जुड़े हुए हैं। रथ खींचने वाले ग्रामीण के अनुसार, मान्यता है कि फूल रथ खींचने से सालभर शरीर में दर्द और अन्य व्याधियां नहीं होती हैं।

इसी विश्वास के साथ ग्रामीण हर साल रथ खींचने के लिए उत्साहपूर्वक पहुंचते हैं।ग्रामीणों के लिए फूल रथ खींचना मां दंतेश्वरी के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित करने और पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा को आगे बढ़ाने का अवसर है। रथ की रस्सियों को थामने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई देता है। बस्तर दशहरा की यह परंपरा क्षेत्र की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और सामुदायिक एकजुटता को भी दर्शाती है।

बूडगीभाटा की बदहाल व्यवस्था के खिलाफ किसान यूनियन ने भरी हुंकार

जगदलपुर। भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिला बस्तर के नेतृत्व में चिंतापुर पंचायत अंतर्गत बूडगीभाटा गांव में दरभा ब्लॉक अध्यक्ष महादेव कश्यप के नेतृत्व में किसान पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में आसपास के गांवों के किसान, मजदूर, युवा एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। ग्रामीणों ने अपनी वर्षों पुरानी समस्याओं को संगठन के समक्ष रखी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति चिंताजनक है। पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीण गड्ढों का पानी पीने के लिए मजबूर हैं। नल-जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। बिजली की अनियमितता से ग्रामीण परेशान हैं और कई बार 2 से 3 दिनों तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है।शासकीय विद्यालय में बाउंड्रीवॉल, शौचालय एवं मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था को लेकर भी शिकायतें सामने आईं। ग्रामीणों ने शिक्षकों की अनियमित उपस्थिति और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की बात कही।

- ग्रामीणों ने दरभा तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



संगठन ने दी आंदोलन की चेतावनी

जिला अध्यक्ष ने कहा कि गांव के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल और मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है। आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बुनियादी सुविधाओं के लिए वर्षों तक संघर्ष करना पड़े, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। संगठन ग्रामीणों की आवाज को दबने नहीं देगा। यदि मांगों पर गंभीरता से विचार कर समयबद्ध निराकरण नहीं किया गया, तो आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।इस अवसर पर जगदू राम कश्यप, अनिल कुमार सिंह, जयंत राम साहू, बबलू बघेल, डमरू कुंजाम, लच्छिन नाथ चंदन कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

खराब मीटर बदलने का नहीं लगेगा शुल्क

जगदलपुर। बिजली बिल, खराब मीटर और विभागीय शिकायतों को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानियों का समाधान अब नियमों की जानकारी से आसान हो सकेगा। बिजली उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और कानूनी प्रावधानों से अवगत कराने शुक्रवार को कुम्हरावंड स्थित कृषि महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विद्युत नियामक आयोग, विद्युत लोकपाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने उपभोक्ताओं के सवालों के जवाब दिए।

200 रुपए का सिक्का जारी करेगी भारत सरकार

जगदलपुर। शादाणी दरबार तीर्थ, रायपुर की पंचम पीठाधीश, माता हासी देवी की 200वीं जयंती पर भारत सरकार 200 रुपए का स्मारक सिक्का जारी कर रहा है। सिक्के के एक तरफ माता का चित्र और 200वीं जयंती अंकित है। वहीं दूसरी तरफ अशोक स्तंभ के साथ भारत और 200 रूपए अंकित है। इस सिक्के को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू व साईं युधिष्ठिर लाल के करकमलों से विमोचन होना हैं।

काकतीय कॉलेज में गरबा की धूम पारंपरिक परिधानों में थिरके विद्यार्थी



जगदलपुर। काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित गरबा उत्सव में विद्यार्थियों ने पारंपरिक नृत्य और रंग-बिरंगी वेशभूषा के साथ भारतीय लोक संस्कृति की जीवंत छटा बिखेरी। उत्साह और उमंग के बीच आयोजित इस एक दिवसीय कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ना और महाविद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना था। पारंपरिक परिधान, गरबा संगीत और सामूहिक नृत्य ने पूरे परिसर को उत्सवी रंग में रंग दिया। विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करने के साथ आपसी एकता और सांस्कृतिक सद्भाव का संदेश भी दिया। प्राचार्य डॉ. अनिल श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने का आश्वासन दिया। साथ ही विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय कला से परिचित कराने के लिए कथक नृत्य और विभिन्न वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण शुरू कराने की घोषणा की।

- सांस्कृतिक उत्सव में लोक परंपराओं की दिखी झलक

नेहा कोडप्पी बनीं बेस्ट कॉस्ट्यूम विजेता

गरबा उत्सव में पारंपरिक वेशभूषा को लेकर बेस्ट कॉस्ट्यूम प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें नेहा कोडप्पी ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं प्राचार्य डॉ. अनिल श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों के लिए कथक और वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण शुरू कराने की घोषणा कर सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा देने की पहल की।

वाद भूमि के नक्शा में छेड़छाड़, राजस्व निरिक्षक और पटवारी की भूमिका पर उठे सवाल

जगदलपुर। राजस्व कर्मचारियों के मिलीभगत से वाद भूमि के नक्शा में छेड़छाड़ किया जाकर भूमि बेचने का मामला पिछले दिनों उठा था। नगर के रूपेश कुमार जैन ने इस सम्बन्ध में बोधघाट थाना में अवैध तरीके से भूमि बेचने की रिपोर्ट दर्ज किया था। 2024 में हरबन्धु ठाकुर, रविन्द्र सिंग भदोरिया , विक्रम कुश्वाहा, पटवारी फ्रेजरपुर विनायक ठाकुर तथा राजस्व निरिक्षक प्यारेलाल पैंकरा के विरूद्ध थाना बोधघाट में मामला दर्ज किया गया था। इस सम्बन्ध में अपर कलेक्टर न्यायालय में अपीलार्थी रविन्द्र सिंग भदौरिया तथा हरबन्धु ठाकुर ने रूपेश कुमार जैन के विरूद्ध अपील की थी। अपर कलेक्टर सीपी बघेल ने 15 अक्टूबर 2026 को आदेश पारित किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि दस्तावेजों के अध्ययन तथा उभय पक्ष के अधिवक्ताओं के तर्क सुनने के पश्चात यह निष्कर्ष है कि अपीलार्थीगण का अपील अस्वीकार किया जाता है।







खबर संक्षेप

श्रेष्ठश्री पत्रकार सम्मान–2026 से सम्मानित होंगे डॉ. राजाराम त्रिपाठी

कोण्डागांव। बस्तर के वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार एवं प्रयोगधर्मी कृषक डॉ. राजाराम त्रिपाठी को प्रतिष्ठित 'शिल्पी चड्ढा स्मृति श्रेष्ठश्री पत्रकार सम्मान–2026' के लिए चुना गया है। उन्हें यह सम्मान खेती–किसानी, ग्रामीण भारत, पर्यावरण संरक्षण और आदिवासी समाज के सरोकारों पर लंबे समय से किए जा रहे लेखन एवं सामाजिक योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा। सम्मान समारोह 12 दिसंबर 2026 को दिल्ली के हिंदी भवन में आयोजित होगा।

रामजी नेताम बने आत्मनिर्भर उद्यमी

कोण्डागांव समाचार क्रमांक–07 कोण्डागांव। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से फरसगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम बागबेड़ा पारा, पलना, पोस्ट चिंगनार निवासी रामजी नेताम ने मिनी राइस मिल स्थापित कर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया है। उनका व्यवसाय परिवार की आजीविका का साधन बनने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में भी सहायक साबित हो रहा है। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने नौकरी की तलाश करने के बजाय स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने का निर्णय लिया। पलना क्षेत्र में आधुनिक मिनी राइस मिल की आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने इसे स्वरोजगार के अवसर के रूप में अपनाया।

अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली और सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर होगी खरीदी, 31 तक होगा पंजीकरण

कोण्डागांव। खरीफ विपणन वर्ष 2026–27 में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली और सोयाबीन की खेती करने वाले किसानों के लिए प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान पीएम–आशा के अंतर्गत पंजीकरण की प्रक्रिया जारी है। इन पांचों फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जाएगा। किसान 31 अक्टूबर 2026 तक एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। भारत सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2026–27 के लिए अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली और सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत किसानों को उनकी उपज का निर्धारित मूल्य प्रदान किया जाएगा।

प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को मिली आर्थिक सहायता राशि

कोण्डागांव। जिले के बड़ेराजपुर तहसील अंतर्गत ग्राम तरईबेड़ा निवासी फागुराम मण्डावी की पानी में डूबने से मृत्यु होने के मामले में उनके परिजन को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के तहत सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा मृतक फागुराम मण्डावी की पत्नी धनाय मण्डावी को प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना ने स्वीकृत चार लाख की सहायता राशि संबंधित वारिस के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए हैं।

51 छात्राओं को साइबर सुरक्षा, बाल अधिकारों और शासकीय योजनाओं की दी जानकारी

कोण्डागांव। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत संचालित 'बिटिया कार्यस्थल भ्रमण' कार्यक्रम के तहत महिला सशक्तिकरण केंद्र द्वारा 13 अक्टूबर को छात्राओं के लिए साइबर सेल एवं बाल कल्याण समिति कार्यालय का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 51 छात्राओं सहित कुल 58 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के साथ उन्हें शासकीय कार्यालयों की कार्यप्रणाली से परिचित कराना था।

साइबर सेल में निरीक्षक सौरभ उपाध्याय ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों और उनसे बचाव के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग करते समय सतर्क रहने तथा अनजान व्यक्तियों से संपर्क करने और संदिग्ध लिंक खोलने से बचने की सलाह दी।



दुर्व्यवहार होने पर चुप न रहने की दी सलाह – कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को समझाया गया कि उनके साथ या किसी साथी के साथ अपराध, हिंसा अथवा दुर्व्यवहार की घटना होने पर उसे छिपाने या चुपचाप सहन करने के बजाय माता–पिता, अभिभावकों, शिक्षकों अथवा संबंधित अधिकारियों को तत्काल जानकारी दें और आवश्यक सहायता प्राप्त करें।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर 128 छात्राओं को अधिकारों, शिक्षा और सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

कोण्डागांव। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ेडोंगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 128 छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान बालिकाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर प्राप्त करने के अधिकारों के बारे में बताया गया। साथ ही बालिका शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें नियमित पढ़ाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया गया।



छात्राओं को बाल विवाह प्रतिषेध कानून, लैंगिक समानता तथा बालिकाओं के संरक्षण से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की हिंसा, शोषण, भेदभाव या उत्पीड़न होने पर चुप रहने के बजाय संबंधित अधिकारियों अथवा सहायता सेवाओं से संपर्क करना चाहिए।

कई गांवों में तेंदुए के हमलों से दहशत

तेंदुए के हमले में गर्भवती महिला की मौत, कोख में बच्चे की भी थमी सांस

फरसगांव/विश्रामपुरी। कोंडागांव जिले के केशकाल वनमंडल और सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में तेंदुए के लगातार हमलों ने ग्रामीणों में दहशत फैला दी है। ग्राम बस्तर बुडरा में तेंदुए के हमले में घायल छह माह की गर्भवती रामशिला मंडावी की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना में उनके गर्भ में पल रहे छह माह के बच्चे की जिंदगी भी खत्म हो गई। वहीं, रामशिला की दो साल की मासूम बच्ची के सिर से मां का साया हमेशा के लिए उठ गया। लगातार हमलों की घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं। वन विभाग की संयुक्त टीम ने 16 अक्टूबर की सुबह तेंदुए का सफल रेस्क्यू किया।

- पीछे छूट गई दो साल की मासूम बच्ची, बस्तर बुडरा की घटना से परिवार में पसरा मातम

बस्तर बुडरा में पांच लोगों पर हमला, 12 घंटे से अधिक चला इलाज : जानकारी के अनुसार 15 अक्टूबर की सुबह करीब 5 बजे केशकाल वनमंडल के ग्राम बस्तर बुडरा में तेंदुए ने पांच लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुरी पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल दुवारू पिता बिसरू को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल कांकेर रेफर किया गया, जबकि छह माह की गर्भवती रामशिला मंडावी पति नंदेश को जिला अस्पताल कोंडागांव भेजा गया। रामशिला जिंदगी और मौत के बीच 12 घंटे से अधिक समय तक संघर्ष करती रहीं, लेकिन आखिरकार उनकी मौत हो गई।

रामशिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों और गांव में मातम छा गया। परिवार को जिस नन्हें मेहमान के आने का इंतजार था, वह दुनिया में आने से पहले ही मां के साथ विदा हो गया। दो साल की मासूम बच्ची मां की ममता से हमेशा के लिए वंचित हो गई। इस घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। वन विभाग की ओर से पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद देने की बात कही गई है।

कारीपानी में भी तेंदुए का हमला, दोबारा घायल हुए लोग

बस्तर बुडरा की घटना से पहले 14 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व क्षेत्र के ग्राम कारीपानी (बोरई) में तेंदुए ने तीन लोगों पर हमला किया था। सूचना मिलते ही टाइगर रिजर्व के संचालक और उनकी टीम घटनास्थल पर पहुंची। बस्तर बुडरा की घटना के बाद वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया। इसी दौरान 15 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे तेंदुए ने कारीपानी में दो और लोगों पर हमला कर दिया। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया।



वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की

लगातार हो रही घटनाओं को देखते हुए वन विभाग ने संबंधित गांवों और आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है। विभाग ने कहा कि टाइगर रिजर्व क्षेत्र होने के कारण आसपास अन्य तेंदुए या हिंसक वन्यप्राणियों की मौजूदगी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों को जंगल, झाड़ियों, खेतों और सुनसान स्थानों पर अकेले जाने से बचने तथा जरूरी काम होने पर समूह में निकलने की सलाह दी गई है। किसी भी हिंसक वन्यप्राणी के दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील की गई है। विभाग के अनुसार, सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व और केशकाल वनमंडल की टीमें क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रही हैं।

दो लाख से सात करोड़ तक पहुंचा किसान सुरेश का कारोबार

कोण्डागांव। जिले के ग्राम बड़ेबेंद्री निवासी किसान सुरेश देवांगन ने नई मिसाल पेश की है। कभी गांव–गांव जाकर किसानों को किराये पर कृषि उपकरण उपलब्ध कराने वाले सुरेश देवांगन आज आधुनिक कृषि उपकरण निर्माण के क्षेत्र में सफल उद्यमी बन चुके हैं। लगभग दो लाख रुपए से शुरू हुआ उनका व्यवसाय आज करीब सात करोड़ के वार्षिक कारोबार तक पहुंच गया है। उनकी औद्योगिक इकाई 'किसान मितान एग्रो' में 25 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार भी मिल रहा है। सुरेश देवांगन ने खेती–किसानी के शुरुआती दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक कृषि उपकरणों की कमी को महसूस किया। किसानों की परेशानी दूर करने के लिए उन्होंने थ्रेशर मशीन लेकर गांव–गांव जाना शुरू किया और जरूरतमंद किसानों को किराये पर उपकरण उपलब्ध कराए। धीरे–धीरे कृषि उपकरणों की बढ़ती मांग को देखते हुए उन्होंने थ्रेशर और रोटावेटर की डीलरशिप लेने की दिशा में कदम बढ़ाया।



प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से रजनी ठाकुर को मिला आर्थिक संबल

कोण्डागांव। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जरूरतमंद गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए आर्थिक संबल साबित हो रही है। योजना के तहत कोण्डागांव के तहसीलपारा वार्ड निवासी रजनी ठाकुर को पांच हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। यह राशि उनके नवजात शिशु के पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मददगार साबित हुई। रजनी ठाकुर ने बताया कि बच्चे के जन्म के बाद उन्हें पर्याप्त स्तन दूध नहीं आ रहा था। ऐसे में नवजात के समुचित पोषण की व्यवस्था करना उनके लिए बड़ी चिंता बन गई थी। परिवार के सामने बच्चे की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने की चुनौती थी।



जिपं सीईओ ने बालोंड और कुसमा में विकास कार्यों निरीक्षण किया

कोण्डागांव। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विकास कार्यों की प्रगति और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लेने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने गुरुवार को ग्राम पंचायत बालोंड एवं कुसमा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों और मैदानी स्तर पर संचालित गतिविधियों की जानकारी लेकर उनकी प्रगति का अवलोकन किया। जिला पंचायत सीईओ श्री भोई ने ग्राम पंचायत बालोंड में संचालित आजीविका डबरी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति और प्रगति की जानकारी प्राप्त की। ग्राम पंचायत कुसमा में श्री भोई ने निर्माणाधीन नवीन ग्राम पंचायत भवन का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने भवन निर्माण कार्य की प्रगति और मैदानी स्तर पर चल रही गतिविधियों की जानकारी ली।

सुरडोंगर विद्यालय में दिव्यांग बच्चों का आकलन शिविर

केशकाल। समावेशी शिक्षा के तहत 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों की शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पहचान करने के उद्देश्य से केशकाल के सुरडोंगर स्थित विद्यालय में आकलन एवं मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला एवं विकासखंड स्तर के स्वास्थ्य कर्मियों ने सहभागिता निभाई। शिविर में दिव्यांग बच्चों की आवश्यकताओं के आकलन एवं मूल्यांकन पर विशेष ध्यान दिया गया, ताकि उनकी जरूरतों के अनुरूप आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की जा सके। समावेशी शिक्षा का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें समान शैक्षणिक अवसर प्रदान करना है। इस अवसर पर ईमल सिंह बघेल डी.एम.सी.कोण्डागांव ,केशकाल के विकासखंड शिक्षा अधिकारी पोया जी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बलराम नाग, सौम्य देवांगन एपीसी (समावेशी शिक्षा) ,करुणा साहू बीआरपी, दीपक सिन्हा स्पेशल एजुकेटर, जिला एवं ब्लॉक स्तर के स्वास्थ्य कर्मी तथा विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।



सालाना समागम में 132 मरीजों की हुई जांच

फरसगांव। नगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सचखंडवासी संत बाबा मुकंद सिंह की स्मृति में 30वां सालाना समागम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशेष कीर्तन समागम और गुरु का लंगर हुआ, जिसमें फरसगांव सहित अन्य जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग फरसगांव के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें कुल 132 मरीजों की जांच की गई। शिविर में बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप के साथ आंखों और दांतों की जांच कर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

राज्य स्तरीय वॉलीबॉल स्पर्धा के लिए गुण्डाधुर कॉलेज के दो खिलाड़ियों का चयन

कोण्डागांव। गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव के दो प्रतिभावान खिलाड़ी भगत राम नेताम एवं प्रकाश दुग्गा का चयन उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दो नों खिलाड़ियों का चयन कांकेर सेक्टर की टीम में किया गया है।

- भगत राम नेताम और प्रकाश दुग्गा करेंगे कांकेर सेक्टर का प्रतिनिधित्व



भगत राम नेताम और प्रकाश दुग्गा का चयन उनकी खेल प्रतिभा, कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं नियमित अभ्यास के आधार पर हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कांकेर सेक्टर का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलना दोनों खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 13 एवं 14 अक्टूबर को सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय महाविद्यालय, कोहका–तिल्दा में निर्धारित किया गया था। प्रतियोगिता से पूर्व चयनित खिलाड़ियों के लिए 10 एवं 11 अक्टूबर को शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

कबड्डी स्पर्धा पुरुष वर्ग में कोटवेल और महिला वर्ग में कोरर बनीं विजेता

फरसगांव। कोंडागांव जिले के माकड़ी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पुसापाल के खेल मैदान में स्व. बालसिंह नेताम, शिक्षक एवं राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी की पुण्यतिथि पर राज्य एवं पंचायत स्तरीय पुरुष एवं महिला डे-नाइट प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बुधवार शाम 4 बजे शुरू हुई प्रतियोगिता का समापन गुरुवार देर रात हुआ। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंची महिला एवं पुरुष टीमों ने हिस्सा लेकर शानदार खेल प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में कोटवेल की टीम ने गरांजिडीही (विश्रामपुरी) को हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता कोटवेल को 15,001 रुपये, उपविजेता गरांजिडीही को 8,001 रुपये तथा तृतीय स्थान पर रही बीएस गारे की टीम को 4,001 रुपये का पुरस्कार दिया गया।

शिव मंदिर में नवरात्रि की धूम

केशकाल। नगर के शिव मंदिर में नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। इसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। मंदिर परिसर में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जिनके दर्शन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। सुबह से ही पूजा-अर्चना और आरती का सिलसिला शुरू हो जाता है। भक्त मां दुर्गा से सुख-समृद्धि, खुशहाली और परिवार की मंगलकामना करते हैं।



बता दें कि नवरात्र के पूरे नौ दिनों तक शिवमंदिर परिवार की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, शाम होते ही मंदिर परिसर में भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिलता है।

बिजली कटौती और लो-वोल्टेज के खिलाफ व्यापारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

फरसगांव। नगर में लगातार बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से परेशान व्यापारियों और नगरवासियों ने गुरुवार को बिजली विभाग के अधिकारियों को आवेदन सौंपकर नियमित विद्युत आपूर्ति की मांग की। व्यापारियों ने बताया कि बार-बार बिजली बंद होने और कम वोल्टेज के कारण व्यापारिक गतिविधियां और दैनिक कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बिजली व्यवस्था में सुधार कर निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा समस्या का जल्द निराकरण करने की मांग की। नगरवासियों ने उम्मीद जताई कि बिजली विभाग जल्द आवश्यक कदम उठाएगा।

प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय हाथ धुलाई दिवस

कोण्डागांव। जिले के प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में 15 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय हाथ धुलाई दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मधु तिवारी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व समझाया गया। साथ ही साबुन और पानी से हाथ धोने की सही विधि का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया।



कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापिका मधु तिवारी ने बच्चों को दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए हाथों की नियमित सफाई बेहद जरूरी है। स्वच्छ हाथ कई प्रकार की संक्रामक बीमारियों से बचाव में सहायक होते हैं।

विद्यार्थियों को हाथ धोने के छह प्रमुख चरणों का अभ्यास कराया गया। इस दौरान हथेलियों, उंगलियों के बीच, नाखूनों, अंगूठों और कलाई की अच्छी तरह सफाई करने की विधि समझाई गई। बच्चों ने स्वयं अभ्यास कर हाथ धोने का सही तरीका सीखा।

गो सम्मान के लिए प्रत्येक पंचायत से 2100 हस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य

केशकाल। गो सम्मान आह्वान अभियान के तृतीय चरण को लेकर संत भरत महाराज शुक्रवार को केशकाल पहुंचे। कोंडागांव जिले की सभी तहसीलों में प्रवास कर अभियान की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के क्रम में उन्होंने केशकाल में भी लोगों से संवाद किया। इस दौरान शिव मंदिर के पुजारी एवं गौ सेवक रामा वैष्णव ने उनका स्वागत किया। बैठक में अभियान के उद्देश्यों, समर्थन हस्ताक्षर अभियान और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। संत भरत महाराज ने अभियान के तहत जिले की प्रत्येक पंचायत से 2100 समर्थन रूपी हस्ताक्षर जुटाने की बात कही। इसके माध्यम से अभियान के प्रति लोगों का समर्थन दर्ज कराने और गौ-सम्मान के विषय को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा। उन्होंने आमजन से अभियान से जुड़ने और इसकी गतिविधियों में सहभागिता करने का आह्वान किया। बैठक में आगामी आयोजनों को लेकर भी जानकारी दी गई। बताया गया कि 24 अक्टूबर को जगदलपुर में आयोजित होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए लोगों से आग्रह किया गया है।

- संत भरत महाराज ने केशकाल में दी जानकारी, 24 अक्टूबर को जगदलपुर और 17 दिसंबर को रायपुर में



नाम परिवर्तन सूचना

प्ररूप-(तीन) शपथ-पत्र

मैं रामू राम पिता सुक्कू राम (RAMU RAM S/O SUKKU RAM) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) उम्र 26 वर्ष, जाति माड़िया, निवासी ग्राम रासमेटा पोस्ट व तहसील ओरछा जिला नारायणपुर (छ.ग.) एतद्द्वारा पूर्णतः पुष्टि करता हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करता हूँ :-

1. मैं ग्राम रासमेटस पोस्ट व तहसील ओरछा जिला नारायणपुर (छ.ग.) का निवासी हूँ।
2. मेरा पुराना नाम रामू राम पिता सुक्कू राम (RAMU RAM S/O SUKKU RAM) है और मैं अपना नाम बदलकर मेरा नाम उपनाम सहित रामसू पल्लो पिता सुक्कू पल्लो (RAMSU PALLO S/O SUKKU PALLO) (नया नाम) करवाना चाहता हूँ। जो मेरे मतदाता परिचय पत्र में अंकित है।
3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
4. मैं नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता हूँ तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

सत्यापन

मैं शपथकर्ता रामसू पल्लो पिता सुक्कू पल्लो सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक की समस्त जानकारी मेरे स्वयं के ज्ञान से सत्य एवं सही है। आज दिनाँक 13/10/2026 को स्थान नारायणपुर में अपना हस्ताक्षर/अंगूठा निशान कर सत्यापित किया।

स्थान :- नारायणपुर
दिनाँक :- 13/10/2026

मुहर

रामसू पल्लो
सत्यापनकर्ता



खबर संक्षेप

कृत्रिम पैर मिलने से सुक्की के जीवन में लौटी उम्मीद



दंतेवाड़ा। कभी रोजमर्रा के छोटे-छोटे कामों के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब जीवन में नई उम्मीद और आत्मविश्वास की किरण जगी है। सुकमा जिले के ग्राम भीमापुरम निवासी मड़कम सुक्की के लिए कृत्रिम पैर मिलना केवल एक सहायक उपकरण प्राप्त करना नहीं, बल्कि जीवन को फिर से सहज बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मड़कम सुक्की के जीवन में 26 मई 2024 का दिन एक दुखद घटना लेकर आया, जब जंगल में टोरा बीनने के बाद नदी किनारे बिछाए गए आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) की चपेट में आने से उनका बायां पैर क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना ने उनकी जिंदगी को पूरी तरह बदल दिया। पैर नहीं होने के कारण उन्हें चलने-फिरने और रोजमर्रा के अनेक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। सामान्य काम भी चुनौतीपूर्ण हो गए थे।

सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ कन्या पूजन



गीदम। शारदीय नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कन्या पूजन का आयोजन किया गया। विद्यालय में नवरात्रि के 9 दिनों तक माता के नौ रूपों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती की जाती है। इस दौरान बच्चों को माता के नौ रूपों की महिमा के बारे में नियमित रूप से बताया जाता है और पूजा के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाता है। नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित कन्या पूजन में सभी आचार्य दीदियों ने कन्याओं की पूजा कर आशीर्वाद लिया। विद्यालय में यह परंपरा विगत कई वर्षों से निरंतर चली आ रही है। नवरात्रि के दौरान दूर-दराज से आने वाले पदयात्रियों के ठहरने की व्यवस्था भी विद्यालय परिसर में की

लाखों का बकाया और करोड़ों के कारोबार पर सवाल

सरकारी विभागों में लाखों के बकाया पर कार्रवाई नहीं होने से विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

लीलाधर राठी ⏭ सुकमा

महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया सी-मार्ट अब खुद कई गंभीर सवालों के घेरे में है। एक ओर सी-मार्ट पर लाखों रुपये के बिजली बिल बकाया होने की बात सामने आ रही है, वहीं दूसरी ओर जिला पंचायत की करीब 15 लाख रुपये की बकाया राशि को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर यह कैसा सी-मार्ट है, जहां बकाया भुगतान के बावजूद कारोबार जारी है और जिम्मेदार विभागों की कार्रवाई नजर नहीं आ रही।





जिला पंचायत का 15 लाख रुपए बकाया होने का दावा

स्व-सहायता समूहों के नाम पर योजना

सी-मार्ट की स्थापना स्थानीय महिलाओं को रोजगार और बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हुई थी, लेकिन अब यह सवाल भी उठ रहा है कि योजना का वास्तविक लाभ सुकमा की महिला स्व-सहायता समूहों को कितना मिला। आरोप है कि करोड़ों रुपये के कारोबार के बावजूद स्थानीय समूहों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाया और इसका फायदा बिलासपुर की एक महिला तक पहुंच गया। इस आरोप की स्वतंत्र जांच कर यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि सी-मार्ट में किन समूहों से सामग्री खरीदी गई, किसे भुगतान हुआ और स्थानीय महिलाओं की आय में कितनी वृद्धि हुई।

सार्वजनिक धन से जुड़ी देनदारियां

सी-मार्ट को लेकर जिला पंचायत की करीब 15 लाख रुपये की बकाया राशि का मुद्दा भी चर्चा में है। यदि यह राशि लंबे समय से लंबित है, तो इसके कारणों और भुगतान की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। सार्वजनिक धन से जुड़ी देनदारियों का समय पर निपटारा करना प्रशासनिक जवाबदेही का महत्वपूर्ण हिस्सा है। संबंधित विभाग को स्पष्ट करना चाहिए कि यह राशि किस मद की है, कब से बकाया है और भुगतान में देरी क्यों हो रही है।

अभी भी भूपेश पर भरोसा

पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में 18 मई 2022 को शुरू किए गए सी-मार्ट का उद्देश्य महिला स्व-सहायता समूहों और स्थानीय उत्पादकों को बाजार उपलब्ध कराना था। योजना से उम्मीद थी कि स्थानीय महिलाओं द्वारा तैयार सामग्री की बिक्री बढ़ेगी, उन्हें रोजगार मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में योजना के संचालन, वित्तीय जवाबदेही और वास्तविक लाभार्थियों को मिले फायदे पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

बिजली बिल बकाया, फिर भी कार्रवाई नहीं

सी-मार्ट पर 8.50 लाख रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया होने की पुष्टि हुई है। इतनी राशि बकाया होने के बाद भी कार्रवाई का ना होना विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। आमतौर पर शासकीय कार्यालयों सहित अन्य उपभोक्ताओं के बिजली बिल बकाया होने पर विभाग कनेक्शन विच्छेद करने जैसी कार्रवाई हो रही है। ऐसे में सी-मार्ट के मामले में अब तक समान कार्रवाई क्यों नहीं की गई, यह जांच का विषय है। क्या सी-मार्ट को किसी विशेष प्रकार की छूट प्राप्त है? क्या बकाया भुगतान के लिए कोई समय-सीमा तय की गई है? या फिर विभागीय स्तर पर मामले को नजरअंदाज किया जा रहा है? इन सवालों पर विद्युत विभाग के अधिकारियों की स्थिति स्पष्ट होना जरूरी है। सूत्रों से पता चला है कि कुछ स्थानीय नेताओं का भी सी मार्ट पर अलग ही तरह की मेहरबानी है।

फिर चर्चा में सी-मार्ट

सुकमा स्थित सी मार्ट में महिला प्रशिक्षक पर कब्जे के आरोप लगा है । महिला आयोग तक मामला पहुंचने और स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के बेरोजगार होने का मुद्दा सामने आया था। रोजगार बहाली और समूह का पैसा लौटाने की मांग भी उठाई गई। इन घटनाक्रमों के बीच सी-मार्ट के वित्तीय लेन-देन, संचालन व्यवस्था और महिलाओं को मिले लाभ की निष्पक्ष जांच की मांग तेज भी हुई थी लेकिन कुछ नेताओं ने वरदहस्त ने जीवन दान दे दिया। सी-मार्ट का उद्देश्य महिला सशक्तीकरण था, न कि बकाया राशि और विवादों के कारण सरकारी व्यवस्था पर सवाल खड़े होना। अब जिला प्रशासन, जिला पंचायत और विद्युत विभाग को सामने आकर बकाया राशि, भुगतान की स्थिति, कारोबार तथा स्थानीय स्व-सहायता समूहों की भागीदारी का पूरा हिसाब स्पष्ट करना चाहिए। आखिर सी-मार्ट किसके हित में संचालित हो रहा है।

सबके साथ होगी एक जैसी कार्रवाई



विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव ने कहा कि शासन के आदेशानुसार सभी विभागों के बकाया भुगतान होने के कारण नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में भी जेईई को कार्रवाई के लिए कहा गया है और बकाया राशि जमा नहीं होने के कारण विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जायेगी।

वरिष्ठ सचिव ने लिया बैंक की कार्यप्रणाली का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार

केंद्र सरकार के सहकारिता मंत्रालय के वरिष्ठ सचिव सिद्धार्थ जैन ने दंतेवाड़ा जिले में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति का निरीक्षण कर बैंक की कार्यप्रणाली और किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया।

■ किसानों को मिलने वाली सुविधाओं की समीक्षा

इस दौरान उन्होंने सहकारी संस्थाओं के माध्यम से संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली और किसानों को मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में बैंककर्मियों से चर्चा की।हाल ही में बस्तर संभाग में आयोजित राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे सिद्धार्थ जैन



अपने दौरे के दौरान दंतेवाड़ा भी पहुंचे। यहां उन्होंने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति की विभिन्न गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने यह जानने का प्रयास किया कि शासन की योजनाओं का लाभ किसानों तक किस तरह पहुंचाया जा रहा है और सहकारी बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की जरूरतों को पूरा करने में किस प्रकार भूमिका निभा रहा है। निरीक्षण के दौरान कृषि ऋण वितरण, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही बैंकिंग सुविधाओं और सहकारी संस्थाओं की कार्यप्रणाली जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

साथ ही, सहकारिता व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने और किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के महत्व पर जोर दिया गया।गौरतलब है कि दंतेवाड़ा जिला लंबे समय तक नक्सलवाद से प्रभावित रहा है।

अब जिले में विकास गतिविधियों को गति देने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया जा रहा है। ऐसे में सहकारिता मंत्रालय के वरिष्ठ सचिव का यह दौरा स्थानीय सहकारी संस्थाओं की कार्यप्रणाली की समीक्षा और किसानों को मिलने वाली सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, जगदलपुर के समिति प्रबंधक लाकेश टंडन, दंतेवाड़ा के नोडल अधिकारी सूरज सिंह श्रीनेत, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एमएस शोरी सहित लैम्प्स के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

मोर बालवाड़ी योजना से निखर रही बच्चों की प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड/ बस्तर

बहुभाषी योजना के अंतर्गत संचालित मोर बालवाड़ी योजना के माध्यम से बच्चों में भाषाई कौशल, लेखन क्षमता और रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड बस्तर के ग्राम भूरसूंडी एवं भरनी स्थित प्राथमिक शालाओं के बच्चों ने लेखन कार्य, कहानी वाचन और स्वयं कहानियां रचकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

गतिविधि के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक लेखन कार्य करके दिखाया और विभिन्न कहानियों को पढ़कर सुनाया। वहीं, अपनी कल्पना शक्ति का उपयोग करते हुए स्वयं तैयार की गई कहानियों का भी वाचन किया। बच्चों की सहज अभिव्यक्ति और रचनात्मक सोच ने उपस्थित अधिकारियों एवं



शिक्षकों का ध्यान आकर्षित किया। मोर बालवाड़ी योजना का उद्देश्य बच्चों को उनकी मातृभाषा और स्थानीय भाषाई परिवेश से जोड़कर सीखने की प्रक्रिया को सहज, सरल एवं रोचक बनाना है। इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों में पढ़ने-लिखने की रुचि विकसित होने के साथ-साथ आत्मविश्वास, कल्पनाशक्ति और अभिव्यक्ति क्षमता को भी प्रोत्साहन मिलता है। कार्यक्रम में बीआरसी अजंबर कोराम, बहुभाषी ब्लॉक नोडल गोकुल दीवान, प्रधानाध्यापक हेमराज कश्यप, शिक्षिका कौशल्या कश्यप, मोना मिश्रा, सुश्री सुकांती पैकरा, देवली कश्यप एवं प्रियंक मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उपस्थित शिक्षकों ने बच्चों की गतिविधियों का अवलोकन कर उनके प्रयासों को प्रोत्साहित किया। मोर बालवाड़ी योजना के माध्यम से स्थानीय भाषा, परिवेश और बच्चों के अनुभवों को शिक्षा से जोड़ने की पहल प्रारंभिक शिक्षा को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक परोसा प्रसाद

पुलिसकर्मियों के सेवाभाव ने जीता लोगों का दिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर/भोंड

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर पुलिस थाना बस्तर द्वारा महाभंडारे का आयोजन कर धार्मिक आस्था, जनसेवा और सामाजिक सद्भाव का प्रेरणादायी संदेश दिया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं को श्रद्धा एवं आत्मीयता के साथ प्रसाद परोसा गया।

भक्तिमय वातावरण में आयोजित इस सेवा कार्य ने नवरात्रि के पर्व की खुशियों को और भी विशेष बना दिया। महाभंडारे में पुलिसकर्मियों ने पूरी निष्ठा और सेवाभाव के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई। वर्दी में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले पुलिसकर्मियों का श्रद्धालुओं के



बीच सेवक के रूप में दिखाई देना, पुलिस और जनता के बीच आत्मीय संबंधों को मजबूत करने वाला रहा। इस आयोजन में निरीक्षक संतोष सिंह, उपनिरीक्षक अरुण कुमार सिन्हा, प्रधान आरक्षक ओंकारनाथ पात्र, सरदेई सेठिया, भुवन शार्दुल, अनीता यादव एवं दलसाय बघेल का योगदान सराहनीय रहा। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर आयोजित महाभंडारा केवल प्रसाद वितरण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और मानवीय संवेदना का संदेश भी बना। पुलिसकर्मियों की इस पहल ने यह भावना साकार की कि जनसेवा केवल कर्तव्य तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के साथ जुड़ाव और सहयोग का भी माध्यम है। सेवा और सद्भाव का संदेश देते इस आयोजन ने श्रद्धा के साथ मानवता के भाव को भी नई ऊंचाई दी।

ग्रामीणों को मिला संपत्ति पर अधिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

कलेक्टर विश्वदीप के मार्गदर्शन में जिले में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम भट्टीगुड़ा में स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्रामीणों को अधिकार

■ ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन और पारदर्शिता को मिल रहा बढ़ावा

अभिलेखों का वितरण किया गया। इस पहल से ग्रामीणों को उनकी आवासीय संपत्तियों के संबंध में वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध होने के साथ ही संपत्ति संबंधी अधिकारों को मजबूती मिलेगी।स्वामित्व योजना का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में स्थित आवासीय संपत्तियों का आधुनिक तकनीक के माध्यम से सर्वेक्षण कर उनका सटीक अभिलेखीकरण करना तथा पात्र संपत्ति धारकों को अधिकार



अभिलेख प्रदान करना है। योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को उनकी संपत्ति का प्रमाणिक दस्तावेज उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे भूमि एवं संपत्ति संबंधी विवादों में कमी लाने तथा ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहायता मिलेगी।

स्वामित्व योजना के अंतर्गत प्राप्त अधिकार अभिलेख ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज साबित होंगे। इससे संपत्ति के स्वामित्व की पहचान स्पष्ट होगी तथा पात्र हितग्राही नियमानुसार अपनी संपत्ति का उपयोग बैंक ऋण एवं अन्य वित्तीय सुविधाओं के लिए कर सकेंगे। इसके साथ ही संपत्ति के क्रय-विक्रय, उत्तराधिकार एवं अन्य संबंधित प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। कलेक्टर विश्वदीप के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीण आबादी की संपत्तियों का व्यवस्थित अभिलेखीकरण होने से राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता बढ़ेगी तथा ग्रामीणों को अपनी संपत्ति से संबंधित दस्तावेज प्राप्त करने में सुविधा होगी।

हत्या के आरोपी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

पुलिस चन्द्रमोहन सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र खूंटे के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी किरन्दुल अविनाश ठाकुर के पर्यवेक्षण में थाना कुआकोंडा पुलिस द्वारा हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

थाना कुआकोंडा क्षेत्रांतर्गत ग्राम धनिकरका कोटवारपारा में शराब नहीं पीने के लिए समझाने पर हुए विवाद में आरोपी बामन मरकाम ने हूँगा मरकाम पर लोहे के टंगिया तथा मिट्टी के ईंट से सिर , पेट और दाहिने हाथ में मारकर हत्या कर दिया। हत्या करने से हूँगा मरकाम की मौके पर ही मौत हो गया। थाना कुआकोंडा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा



त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बामन को गिरफ्तार कर 16 अक्टूबर को न्यायालय दंतेवाड़ा में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

कलेक्टर-सीईओ के मैदानी दौरे से विभागों में बढ़ी हलचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिले में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं की वास्तविक स्थिति जानने गुरुवार को कलेक्टर अमित कुमार एवं जिला पंचायत सीईओ मुकुन्द ठाकुर ग्राम पंचायत बुड़दी पहुंचे। अधिकारियों

■ स्वास्थ्य केंद्र से स्कूल और पोटाकेबिन तक पहुंचे अधिकारी

के इस सघन मैदानी निरीक्षण से विभिन्न विभागों में हलचल तेज रही। स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, ग्रामीण आवास, महिला स्व-सहायता समूह और धान खरीदी की तैयारियों का एक-एक कर जायजा लेते हुए अधिकारियों ने व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण का उद्देश्य कागजी दावों से आगे बढ़कर मैदानी स्तर पर योजनाओं की वास्तविक स्थिति



जानना और आम लोगों को मिलने वाली सुविधाओं की पड़ताल करना रहा।

कलेक्टर एवं सीईओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक कक्ष, ओपीडी, आईपीडी, स्टाफ रूम, इमरजेंसी कक्ष, ड्रेसिंग कक्ष, इंजेक्शन रूम और प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। रिकॉर्ड संधारण और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। भर्ती मरीज जयवती नाग से सीधे बातचीत कर उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने मेडिकल स्टोर में पर्याप्त दवाएं उपलब्ध रखने, ओपीडी पर्ची पर चिकित्सक का नाम अंकित करने, संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करने और आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्रयोगशाला में जांच सुविधाओं के साथ परिसर में बने शाक पीट, डीप पीट और गंभुजिया फिश टैंक का भी अवलोकन किया।

बच्चों से संवाद, नए बोर के निर्देश

निरीक्षण के अंतिम चरण में कलेक्टर बालक आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन पहुंचे। यहां भंडार कक्ष का निरीक्षण करने के साथ कक्षाओं में विद्यार्थियों से बातचीत की। जूते, ड्रेस, कपड़े और पुस्तकों की उपलब्धता पूछने पर बच्चों ने बताया कि उन्हें सामग्री मिल चुकी है। पेयजल की बेहतर व्यवस्था के लिए परिसर में नया बोर खुदवाने के निर्देश दिए।

अब निगरानी और कार्रवाई पर नजर

बुड़दी में एक ही दिन में कई विभागों की व्यवस्थाओं की पड़ताल कर कलेक्टर और सीईओ ने स्पष्ट संदेश दिया कि योजनाओं का क्रियान्वयन केवल कागजों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। अब इन निर्देशों का जमीन पर कितना पालन होता है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा। ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, विद्यार्थियों को जरूरी सुविधाएं, किसानों को सुचारू धान खरीदी और हर घर तक पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई तथा सतत निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया है। मैदानी दौरे के बाद संबंधित विभागों की जिम्मेदारी बढ़ गई है और ग्रामीणों की नजर अब व्यवस्थाओं में होने वाले वास्तविक सुधार पर टिकी है।

महिला किसानों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा में महिला किसानों के कृषि एवं ग्रामीण विकास में योगदान को सम्मानित करने तथा उन्हें कृषि की नवीन तकनीकों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित बुधरी ताती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर आंती वेक एवं शांति वेक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी एवं मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात कृषि विज्ञान केंद्र, दंतेवाड़ा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ओम



प्रकाश ने उपस्थित अतिथियों एवं महिला किसानों का स्वागत करते हुए महिला किसान दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं अन्य कृषि आधारित गतिविधियों में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कृषि क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बुधरी ताती ने महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए रागी केक को काटकर कार्यक्रम में महिला उद्यमिता एवं पोषण आधारित खाद्य उत्पादों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने महिलाओं द्वारा स्थानीय कृषि उत्पादों से तैयार किए जा रहे खाद्य पदार्थों की सराहना करते हुए ऐसे प्रयासों को आजीविका संवर्धन एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। मुख्य अतिथि बुधरी ताती ने अपने संबोधन में पुराने समय से लेकर वर्तमान समय तक कृषि एवं सामाजिक जीवन में महिलाओं की स्थिति में आए बदलावों पर विस्तार से चर्चा की।

खबर संक्षेप

घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



जगदलपुर। कोतवाली पुलिस द्वारा गुण्डा बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पीड़िता की रिपोर्ट पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी सुखनंदन राठौर के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित किया गया था। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि शाम लगभग 6 बजे वह अपने किराए के घर पर खाना बना रही थी तभी पड़ोस में रहने वाला गौरव बिसाई नाम का व्यक्ति गलत नियत से पीड़िता के हाथ बांह को पकड़ कर लज्जा भंग करने लगा। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 74, 331.1 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी गौरव बिसाई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, पीएसआई रानी सोनी, प्रधान आरक्षक विनोद चांदने, आरक्षक भीम मंडावी, टामन बघेल,हरीश कश्यप व राजू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

चाकू लहराकर लोगों को भयभीत करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर। संजय बाजार शुलभ शौचालय के करीब धारदार चाकू लहराकर आमजनों को डरा धमका कर भयभीत करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तारी के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि संजय मार्केट शुलभ के पास एक युवक धारदार चाकू लहराकर आमजनों को डरा धमकाकर भयभीत कर रहा है। सूचना मिलते ही आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ सिन्हा के निर्देश, एएसपी सुखनंदन राठौर के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में नगर निरीक्षक लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम रवाना किया गया था। टीम द्वारा मौके से आरोपी सोम कुमार नाग 25 साल निवासी कालीपुर अटल आवास धरमपुरा को हिरासत में लिया गया जो अपने हाथ में लिए एक धारदार चाकू को चला रहा था तथा आने जाने वालों को लहराकर धमकी दे रहा था। आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू को जब्त करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम अमित सिदार, प्रशिक्षु थाना इंचार्ज रानी सोनी, प्रधान आरक्षक राजेश राजपूत, विनोद, आरक्षक महेंद्र पटेल, मंहगू कश्यप, वरुण ठाकुर, हरीश, बंसीलाल व रंगलाल खरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जामताड़ा गिरोह के दो आरोपी कोलकाता से गिरफ्तार

पेंशन कार्ड के नाम पर रिटायर्ड शिक्षक से 5.90 लाख की साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सोशल मीडिया पर सीनियर सिटीजन पेंशन कार्ड बनवाने का विज्ञापन देखकर एक रिटायर्ड शिक्षक को ऑनलाइन आवेदन करना भारी पड़ गया। साइबर ठगों ने फेसबुक के जरिए उन्हें अपने जाल में फंसाया और बैंक खाते से करीब 5 लाख 90 हजार रुपये पार कर दिए।

- फेसबुक पर विज्ञापन के जरिए जाल में फंसाया



बैंक खातों और सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों तक पहुंची पुलिस

अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चलने पर रिटायर्ड शिक्षक ने परपा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान संदिग्ध मोबाइल नंबरों और ठगी की रकम जिन बैंक खातों में ट्रांसफर की गई थी उनकी जानकारी जुटाई गई। पुलिस ने रकम निकालने के लिए इस्तेमाल किए गए एटीएम और संबंधित स्थानों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और आरोपियों की लोकेशन के आधार पर जांच टीम कोलकाता पहुंची। वहां कोलकाता पुलिस की मदद से परपा पुलिस ने एक होटल में दबिश देकर दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया।

प्रेसवार्ता में मामले का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनदंन राठौर ने बताया कि एसपी शलभ सिन्हा के मार्गदर्शन में मामले की जांच में जुटी पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल नंबरों और बैंक खातों की कड़ियां जोड़ते हुए झारखंड के जामताड़ा से गिरोह के दो शातिर आरोपियों को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 82 एटीएम कार्ड, छह मोबाइल फोन, 25 हजार रुपये नकद और इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किया गया है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर इस गिरोह के अन्य सदस्यों और दूसरे राज्यों में की गई साइबर ठगी की वारदातों का पता लगाने में जुटी है।

एएसपी ने बताया कि परपा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक सेवानिवृत्त शिक्षक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि फेसबुक पर पेंशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन करने संबंधी एक विज्ञापन दिखाई दिया था। विज्ञापन में दिए गए लिंक पर क्लिक करने के बाद एक ऑनलाइन फॉर्म खुला, जिसमें नाम, पता, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मोबाइल नंबर और बैंक खाते से संबंधित जानकारी भरने का विकल्प था। पत्रवार्ता के दौरान एएसपी के अलावा सीएसपी सुमित कुमार, डीएसपी साईबर चन्द्रहास, परपा टीआई भोलासिंह राजपूत, निरीक्षक सागर पाठक व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

ऑनलाइन फॉर्म खोलते ही आने लगे कॉल

आरोपियों ने फेसबुक पर पेंशन कार्ड बनाने के नाम पर रिटायर्ड शिक्षक के खाते से 5.90 लाख रुपये पार कर दिए। प्रार्थी ने फॉर्म में कुछ जानकारी भरने के बाद उसे अधूरा छोड़ दिया। इसके बाद अज्ञात मोबाइल नंबरों से उन्हें लगातार फोन कॉल आने लगे। फोन करने वाले आरोपियों ने शिक्षक से उनका नाम, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड और अन्य व्यक्तिगत जानकारियां हासिल कर लीं। इसके बाद उनके बैंक खाते से ऑनलाइन माध्यम से करीब 5 लाख 90 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए गए।

82 एटीएम कार्ड और 6 मोबाइल फोन जब्त

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शहबाज अंसारी और जियाउल हक के रूप में हुई है जो झारखंड के जामताड़ा जिले के निवासी हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से 82 एटीएम कार्ड, छह मोबाइल फोन, 25 हजार रुपये नकद और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त किया है। एएसपी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ दूसरे राज्यों में भी साइबर अपराध से जुड़े मामले दर्ज होने की जानकारी मिली है। फिलहाल पुलिस उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। साथ ही अन्य राज्यों और जिलों से भी आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी जुटाई जा रही है।

ढाई महीने बाद बस्तर लौटे किरण देव का जोशीला स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



लंबे समय तक ईलाज के बाद स्वास्थ्य लाभ लेने के पश्चात शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव बस्तर पहुंचे। उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। शुक्रवार की शाम मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट से भाजपा कार्यालय तक जगह-जगह उनका जोशीला स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, आतिशबाजी, फूल-मालाओं और पुष्पवर्षा के बीच कार्यकर्ताओं ने अपने नेता का अभिनंदन किया। कई स्थानों पर मानव श्रृंखला बनाकर अगवानी की गई। कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल रहा। स्वागत के दौरान विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी उनका आत्मीय अभिनंदन किया।

- मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट से भाजपा कार्यालय तक ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और पुष्पवर्षा से किया अभिनंदन
- किरण देव बोले कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता का अपार स्नेह मेरी असली पूंजी

गाड़ी में ही स्वीकार किया अभिवादन

लंबी ईलाज के बाद स्वास्थ्य लाभ लेकर लौटे किरण सिंह देव ने अपनी स्वास्थ्य स्थिति को ध्यान में रखते हुए गाड़ी में बैठे-बैठे ही कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों का अभिवादन स्वीकार किया। उनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने फूल-मालाओं के साथ अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। भाजपा कार्यालय पहुंचने पर जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय सहित संगठन के नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। इसके बाद किरण सिंह देव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उनके स्नेह, अपनत्व और स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता का अपार स्नेह ही उनकी असली पूंजी है। संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत के साथ निरंतर काम करना होगा। उन्होंने भाजपा कार्यालय को मंदिर की उपमा देते हुए नमन किया और सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया।

दिग्गज नेताओं सहित कार्यकर्ता रहे मौजूद

स्वागत-अभिनंदन के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, सांसद महेश कश्यप, पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ कश्यप, संतोष बाफना, बैदूराम कश्यप सहित विद्याशरण तिवारी, अश्विन सरडे, महापौर संजय पाण्डेय, रजनीश पाणिग्रही, परिस राम बेसरा, आर्येंद्र सिंह आर्य, नरसिंह राव, ललिता यादव, सफीरा साहू, राजकुमारी यादव, लखीधर बघेल, योगेन्द्र पाण्डेय, बलदेव मंडावी, खेमसिंह देवांगन, प्रदीप देवांगन, अविनाश गौतम,आनंद मोहन मिश्रा, फूल सिंह सेठिया, नारायण ठाकुर, किरण सेन, आलोक अवस्थी, कृष्ण कुमार शुक्ला, रोहित त्रिवेदी, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, राजपाल कसेर, माहेश्वरी ठाकुर, अभिलाष यादव, संतोष बघेल और विनय सोना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बंगीय समाज के 43वें दुर्गोत्सव में विराजित हुई मां दुर्गा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर की सांस्कृतिक नगरी में शारदीय दुर्गोत्सव की रौनक है। शहर के कुम्हारपारा स्थित मैत्री संघ रोड पर बंगीय समाज द्वारा सार्वजनिक दुर्गोत्सव का आयोजन किया गया । विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा पंडाल में स्थापित की गई। आकर्षक विद्युत सज्जा से सजे पंडाल में माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया है। बंगीय समाज के इस वार्षिक उत्सव में 16 अक्टूबर से विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाता पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शाम होते ही यहां भक्तिमय माहौल बनने लगता है। पूरे परिवार के साथ मां दुर्गा के दर्शन करने लोग पहुंच रहे हैं। समाज के अध्यक्ष मनोरंजन राय और महासचिव मानिक वेदज्ञ के अनुसार, निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को महाषष्ठी के अवसर पर सुबह 7 बजे कल्पारंभ, बोधन, आमंत्रण एवं अधिवास की रस्में संपन्न हुई। और शाम 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।17 अक्टूबर को महा सप्तमी के अवसर पर सुबह 7.15 बजे नवपत्रिका स्थापना, 7.30 बजे पूजा, 9 बजे चंडी पाठ और 10 बजे पुष्पांजलि होगी। दोपहर 1 बजे प्रसाद वितरण और शाम 7 बजे संध्या आरती के बाद रात 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।19 अक्टूबर को महाष्टमी पूजा के अंतर्गत संधि पूजा और पुष्पांजलि सहित धार्मिक अनुष्ठान होंगे। वहीं, 20 अक्टूबर को महानवमी पूजा, हवन और दोपहर 1 बजे से महाभोग प्रसाद वितरण के साथ नारायण सेवा की जाएगी। इस दौरान रंगोली, शंख ध्वनि, उलूध्वनि और आरती प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

- मैत्री संघ रोड पर आकर्षक विद्युत सज्जा, आज से शुरू होंगे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियां तेज बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से होगा उपार्जन

जगदलपुर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन को सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए बस्तर जिले में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। किसानों को उपार्जन केंद्रों पर किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और खरीदी प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हो, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर पुख्ता कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत धान उपार्जन हेतु केंद्रों का चयन करते समय समतल और पर्याप्त ऊंचाई वाले स्थानों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि आकस्मिक वर्षा की स्थिति में भी संग्रहित धान पूरी तरह सुरक्षित रहे। प्रशासन द्वारा केंद्रों पर धान की सुरक्षा के लिए डनेज सामग्री, सीमेंट ब्लॉक और पर्याप्त संख्या में तिरपाल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

वन प्रबंधन में लापरवाही रोकने मैदानी अमले को प्रशिक्षण, बकावंड में हुआ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वन प्रबंधन के कार्यों में लापरवाही खत्म करने और तकनीकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए वन विभाग ने मैदानी अमले को प्रशिक्षित किया। बकावंड वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 404 में चिन्हांकन, पातन एवं लगुण कार्य का व्यावहारिक प्रदर्शन और प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मुख्य वन संरक्षक स्टायलो मंडावी की उपस्थिति में अमले को वन कूप के सीमांकन से लेकर वृक्ष पातन, लकड़ी की मार्किंग और अभिलेख संधारण की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान एसडीओ योगेश कुमार रात्रे ने मौके पर कूप का सीमांकन करके दिखाया। इसके बाद वृक्ष पातन की तकनीकी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। एसडीओ इन्दर प्रसाद बंजारे ने बाजार की मांग के अनुरूप लठ्ठा, बल्ली, आरटीएल और जलाऊ लकड़ी प्राप्त करने के लिए मार्किंग की प्रक्रिया प्रदर्शित की। वहीं एसडीओ सुखदास नाग ने कार्य से संबंधित अभिलेखों और पंजीयों के संधारण की प्रक्रिया समझाई। प्रशिक्षण में बस्तर वनमंडल के परिक्षेत्र अधिकारी, डिपो अधिकारी, कूप प्रभारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



समय-सीमा में पूरा करें कार्य

मुख्य वन संरक्षक स्टायलो मंडावी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीमांकन और मार्किंग का कार्य वर्किंग प्लान के निर्देशों के अनुरूप पूरी सावधानी से किया जाए। उन्होंने सभी कूप प्रभारियों को अपने-अपने कूपों में पातन कार्य तत्काल शुरू कर निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने को कहा।





निर्माण कार्यों की गुणवत्ता व समयसीमा पर रहेगी एसडीओ की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

लोक निर्माण विभाग के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयसीमा का पालन सुनिश्चित करने के लिए अब नए एसडीओ ने जिम्मेदारी संभाल ली है। बालोद से स्थानांतरित होकर जगदलपुर पहुंचे अरुण कुमार ने लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक-एक के अनुविभाग क्रमांक-एक में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) का प्रभार ग्रहण कर लिया है। प्रभार संभालने के बाद अरुण ने बताया कि उनके अनुविभाग क्षेत्र में चल रहे सभी निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी और निरीक्षण किया जाएगा। निर्माण कार्यों की प्रगति के साथ उनकी गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ठेकेदारों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए जाएंगे। कार्यों में लापरवाही अथवा गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

- अरुण कुमार ने पीडब्ल्यूडी में एसडीओ का लिया प्रभार



जवाबदेही तय करने पर जोर

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की होगी नियमित मॉनिटरिंग, निमार्णाधीन कार्यों का मौके पर जाकर निरीक्षण और ठेकेदारों को समय सीमा में काम पूरा करने के निर्देश देंगे। साथ ही निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी और कार्यों में लापरवाही मिलने पर जवाबदेही तय करने पर जोर दिया।